बिहार सरकार
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(आपदा प्रबंधन विभाग)
D–ब्लॉक, 5वां तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना–800023.

# अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

पटना, दिनांक : ....................................

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना द्वारा वर्ष–2026 के लिए विभिन्न आपदाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक उच्च गुणवत्ता वाला आधुनिक ग्राफिक डिजाइनयुक्त वॉल व टेबल कैलेंडर का निर्माण किया जाना है। कैलेंडर के माध्यम से संभावित आपदाओं के प्रति आमजन को सजग करना एवं आपदा से पूर्व/बाद की सावधानियों की जानकारी देना है। उपरोक्त कैलेंडर डिजाइन करने हेतु इच्छुक एजेंसी/फर्म से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

**नियम एवं शर्तें :**

- कोटेशन सीलबंद लिफाफे पर ''कैलेंडर–2026 हेतु कोटेशन'' लिखकर सचिव, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, (आपदा प्रबंधन विभाग), D – ब्लॉक, 5वां तल, सरदार पटेल भवन, नेहरू पथ, पटना–800023 के नाम निबंधित/रजिस्टर्ड डाक एवं हाथों हाथ दिनांक 12–11–2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक जमा करना होगा।
- निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- दिनांक 12–11–2025 को अपराह्न 04.30 बजे प्राप्त कोटेशन पर विचार करने हेतु प्राधिकरण स्तरीय त्रिसदस्यीय समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा।
- बैठक में कोटेशनदाताओं के स्वयं उपस्थित नहीं होने की स्थिति में अपने प्रतिनिधि को प्राधिकार पत्र (Authorisation Letter) के साथ उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करनी होगी।
- निविदादाता एजेंसी/फर्म को कम से कम तीन राज्यों में समरूप कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- कोटेशनदाता फर्म/एजेंसी को GST में निबंधित होने का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।
- PAN कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
- केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सरकारी उपक्रम/निगम या किसी भी अन्य संस्थान द्वारा काली सूची में आपराधिक मामलों में नाम दर्ज नहीं होने का शपथ पत्र (Notarized Affidavit) देना होगा।
- कोटेशनदाता द्वारा कोटेशन आमंत्रण सूचना में दर्शाए गए सभी शर्तों को स्वीकार करने से संबंधित स्वघोषणा शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
- चयनित एजेंसी/फर्म को प्राधिकरण कार्यालय से उपरोक्त संबंधी कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

- प्राधिकरण के पास कोटेशन को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**कार्य का दायरा**

- वॉल कैलेंडर (12 शीट्स, एक प्रति माह + दो अतिरिक्त शीट्स)
- टेबल कैलेंडर (12 शीट्स, एक प्रति माह + दो अतिरिक्त शीट्स)
- सभी 12 महीने किसी एक विशिष्ट आपदा यथा–भूकंप, बाढ़, वज्रपात व सड़क दुर्घटना आदि पर केंद्रित होगी।
- आपदा या उससे संबंधित तैयारी–बचाव गतिविधियों का मुख्य दृश्य चित्र, रेखांकन, पेंटिंग, ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।
- जागरूकता संदेश : आपदा विशेष "क्या करें, क्या न करें" संबंधी टिप्स इन्फोग्राफिक/विशिष्ट शैली में देना होगा।
- महीने का कैलेंडर ग्रिड–तिथियां, छुट्टियां आदि प्रमुखता से दर्शाई जानी चाहिए।
- कैलेंडर के मुख पृष्ठ पर क्यू आर कोड का प्रकाशन प्राधिकरण द्वारा निर्मित संबंधित वीडियो, वेबसाइट या ऐप तक पहुंचने हेतु किया जाएगा।

ह/–

(मो0 वारिस खान)
सचिव

ज्ञापांक –3/6–आपदा/आई0ई0सी0 सामग्री मुद्रण/वितरण/प्रा0–01/2023........................./प्राधि0

पटना, दिनांक..............................

प्रतिलिपिः–माननीय उपाध्यक्ष के आप्त सचिव, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह/–
सचिव

ज्ञापांक –3/6–आपदा/आई0ई0सी0 सामग्री मुद्रण/वितरण/प्रा0–01/2023.....3047..../प्राधि0

पटना, दिनांक.....7.11.2025

प्रतिलिपि – श्री मनोज कुमार, तकनीकी सहायक, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना को प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु प्रेषित।

सचिव

Scanned with OKEN Scanner